तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

10 हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में पालक...

10 प्रभारी सचिव भीमसिंह ने फरसगांव अस्पताल ...




# संभाग में 10 हजार मलेरिया पॉजिटिव, बीजापुर जिले में सर्वाधिक पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग ने बस्तर संभाग के सातों जिलों के 7 माह में 7 लाख 46 हजार 150 लोगों की मलेरिया जांच की। जिसमें 10 हजार 086 लोग पॉजिटिव मिले, इसमें बच्चों की संख्या ज्यादा हैं। पॉजिटिव लोगों में ज्यादातर बीजापुर जिले के 3596 लोग मिले। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाये जा रहे मलेरिया मुक्त अभियान में ग्रामीण अंचल में मलेरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी है।

अलग खबर

बताया जा रहा है कि बस्तर जिले में 1363, कोंडागांव जिले में 677, नारायणपुर जिले में 1227, कांकेर जिले में 164, दंतेवाड़ा जिले में 1630, बीजापुर जिले में 3596 एवं सुकमा जिले में 1429 लोग पीड़ित मिले। स्वास्थ्य विभाग मलेरिया से पीड़ित इन मरीजों को बेहतर इलाज देने के साथ पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराने का दावा कर रहा है। मलेरिया जांच के लिए किट का भी दावा कर रहा है। इसके अलावा डेंगू के लिए 3093 लोगों की जांच में 70 और जापानी बुखार पर 112 की जांच में 28 लोग पॉजिटिव मिले।

## 7 माह में 7.46 लाख लोगों की मलेरिया जांच

### मच्छर के काटने से होता मेलेरिया व डेंगू

डॉक्टर के अनुसार मलेरिया एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है, जबकि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक परजीवी रोग है जो प्लाज्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है, मलेरिया के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द और ठंड लगना शामिल हैं। जब एक संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है, तो वह परजीवी को व्यक्ति के रक्तप्रवाह में इंजेक्ट करता है। डेंगू एक वायरल बीमारी है जो डेंगू वायरस के कारण होती है, डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, और त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं।



### ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि उपचार के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में किट, मच्छरदानी और मलेरिया से बचने के लिए दवा उपलब्ध हैं, जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम इसके रोकथाम के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का काम भी कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति खनन कर रहे रेत माफियाओं के वाहन किया जब्त



**लोहंडीगुड़ा।** लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत सतशपुर के मूडीगुड़ा पारा के सीमा से इंद्रावती नदी के किनारे तट पर रेत खनन किया जा रहा था। विभिन्न समूह द्वारा रेत खनन करवाया जा रहा था। सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा वहां पर दबिश देने पर एक गाड़ी छोड़कर बाकी दो गाड़ियां फरार हो गई। सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा खनिज विभाग को सूचना देकर गाड़ी को जब्त कराया गया। जब्त गाड़ी का नम्बर सीजी 17 केपी 2381 वाहन को छोड़कर ड्राइवर मौके से ही फरार हो गया। जिसके बाद खनिज विभाग में कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया है।

### टिप्पर अनियंत्रित होकर पलटा, बड़ा हादसा टला



**बचेली।** बैलाडीला की ओर से आ रही खाली मिनी टिप्पर, बचेली पढ़ापुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी, जो की ईंट भरने के लिए बचेली आ रही थीं। किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं हैं। टिप्पर में तत्कालीन समय में वाहन चालक सहित चार रेजा एवं एक मजदूर मौजुद रहे,जो किसी तरह पलटी हुई गाड़ी से निकल कर सड़क किनारे जा कर बैठे गए। वाहन चालक ने बताया की सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटर साइकिल को बचाने के लिए किये गए प्रयास में टिप्पर अनियंत्रित हों कर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी। टिप्पर बैलाडीला के 4 न. निवासी पेशे से ठेकेदार सुनील जैन का हैं।

### शिव पार्वती बने बच्चों के साथ निकाली कांवड़ यात्रा



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के भैया बहनों ने शिव पार्वती बने बच्चों के साथ कांवड़ यात्रा निकाली। यह कांवड़ यात्रा विद्यालय से मुख्य मार्ग होते हुए रुद्रेश्वर महादेव मंदिर की ओर प्रस्थान की। वहां सभी भैया बहनो ने जलाभिषेक कर विश्व कल्याण व सुख शांति व विद्या प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना की। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में कावड़ यात्रा निकाली जाती है। प्रसाद की व्यवस्था पार्षद विनोद साहू ने की। पीडब्लूडी पारा के सभी लोग अपने घरों से बाहर निकल कर बच्चों के साथ पूजा आरती में सम्मिलित हुए। बच्चों की सराहना करते हुए पार्षद विनोद साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ही ⏭ शेष पेज 10 पर

**मौसम :** शहीद पार्क तिराहा,धरमपुरा मार्ग में सड़कों पर भरा पानी, राहगीर परेशान

# थोड़ी देर की झमाझम बारिश से शहर की कई सड़कें बनीं तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



दक्षिण-पश्चिम मानसून के असर से वायुमंडल में रोज सिस्टम बनने से बस्तर में बारिश का प्रभाव देखा जा रहा है। गुरुवार को दिनभर आसमान खुला रहा और तेज धूप भी निकली। शाम होते-होते मौसम ने करवट बदला और आसमान में बादल छा गए। फिर कुछ समय के बाद बूंदाबांदी शुरू हुई जो देर शाम 7 बजे के बाद एक घण्टे तक झमाझम बारिश हुई। हालांकि बीच-बीच मे आसमान में काले बादलों का खेल जारी रहा। देर शाम को पूरा आसमान बादलों से घिर गए और हल्की बूंदाबांदी होने लगी। शाम 6 बजे से बूंदाबांदी झमाझम बारिश में तब्दील हुई।

- जल जमाव से निपटने वर्षों से निगम कारगर उपाय करने में असफल

एक घण्टे से अधिक समय से जारी वर्षा के चलते शहर की विभिन्न सड़कों में जलजमाव होने से आमजनों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। खासकर शहीद पार्क तिराहा जहां साल भर पहले जलजमाव से मुक्ति पाने विशाल पुलिया का निर्माण किया गया है,जो बारिश में निरर्थक साबित हो रहा है। जमकर बारिश होने से शहीद पार्क तिराहा तालाब का रूप लेता नजर आता है। वही धरमपुरा मार्ग में पार्षद नरसिंग राव के निवास के समीप करीब 30 मीटर लम्बाई में बिनाका मॉल तक सड़क पर गंदे नाली का पानी सड़क पर जमा हो गया। इसके चलते दोपहिया वाहन चालकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। धरमपुरा मार्ग शहर का सबसे व्यवस्तम मार्ग होने से चार पहिया वाहनों के आवागमन बारिश के दौरान सड़क में पानी भरने से सबसे ज्यादा परेशानी आमजनों को भुगतना पड़ता है। पैदल चलने वाले राहगीरों को 30 मीटर सड़क पार करना हिमालय पर चढ़ने जैसे आभास होता है। इस दौरान राहगीरों के कपड़े पूरी तरह भीगते ⏭ शेष पेज 10 पर

### द्रोणिका से होगी बारिश

*मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से गुरुवार को जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़ और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर हिमालय की तराई के पास से होते हुए उत्तर पूर्व अरुणाचल तक स्थित है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। विज्ञानी चन्द्र के अनुसार वायुमंडल में बने द्रोणिका के प्रभाव से शुक्रवार 8 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने बताया भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। 12 अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा होने की संभावना है।*

# डायरी का संधारण नहीं एक वेतनवृद्धि रोकी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संयुक्त संचालक राकेश पाण्डे एवं जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल ने विकासखंड लोहंडीगुड़ा के सुदूर अंचल संकुल केंद्र बिनता, भेजा एवं सतसपुर के शालाओं का औचक निरीक्षण किया। रेशमा पाण्डे, कोदंड पाणिग्राही, संदीप भगत का नियमित शिक्षक डायरी का संधारण नहीं करने के कारण एक-एक वेतन वृध्दि रोका गया। कन्या आश्रम शाला भेजा में निरीक्षण किया गया, जिसमें उदय राज बंसल को प्रा शा बिनता में तथा मा शा कोरली की शिक्षिका को जमूना मौर्य को कन्या आश्रम शाला भेजा में तथा धनेन्द्र ध्रुव को मा शा रायगोंदी से माशा करेकोट में कर्तव्यस्थ किया गया। तत्पश्चात माशा कोरली में अधिकारियों ने मध्याह्न भोजन बच्चों के साथ किया। भोजन की सराहना की।

- दो गैरहाजिर शिक्षकों पर भी कार्रवाई

तत्पश्चात हाई स्कूल बिनता में बच्चों को गणित विषय का अध्यापन करवाया गया। प्राचार्य एवम शिक्षकों को मुख्यालय में रहने निर्देश दिया गया। प्राथमिक एवं मा शा रायगोदी में 14 बच्चों को गणवेश वितरण किया गया। शाला कि शिक्षिका दामिनी सिंह तथा शिक्षक धनेद्र ध्रुव के अनुपस्थित होने पर कार्रवाई की गई। मा शाला करेकोट में खेल कालखंड में बच्चों के साथ क्रिकेट खेला।

# स्वसहायता समूह की महिलाएं बांस से बना रहीं आकर्षक राखियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और रक्षा का संकल्प का त्योहार रक्षाबंधन आने वाला है। इसे देखकर नमन स्वसहायता समूह महिलाओं ने रक्षाबंधन पर फैंसी राखियों के साथ बांस से राखी तैयार की जा रही है। महिला स्वसहायता समूहों की राखियों की बिक्री शहर के सीरहासार चौक में स्टॉल लगा कर की जा रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के महिलाओं ने बांस से लगभग 1000 राखी बनाकर शहर में बेच रहे हैं, प्रत्येक राखी की कीमत 10, 20, 30 रूपए किया गया है। समूह की महिला पूर्णिमा ने बताया कि अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर होने की सीख कर रहे हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। उसने बताया कि बिहान से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है, इसके बाद यह कार्य 3 वर्षों से कार्य ⏭ शेष पेज 10 पर

# आजादी का पर्व हमें अपने कर्तव्यों को याद दिलाता है : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज शहर में स्वच्छता व देशभक्ति से ओतप्रोत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरूआत शहीद पार्क चौक स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर आमजनों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी ने देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर देशप्रेम का परिचय दिया।

- हर घर तिरंगा कार्यक्रम में नेताजी की प्रतिमा व पार्क की सफाई
- अभियान चलाकर आमजनों को स्वच्छता का दिया संदेश



श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने भागीदारी निभाई। अंत में ⏭ शेष पेज 10 पर

# बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करना जनविरोधी: मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आमजनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को वापस लिए जाने की मांग को लेकर बिलजी विभाग के समक्ष सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

- सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन
- 400 यूनिट की सीमा को वापस लिए जाने की मांग

शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। कटौती करना सरकार की जनविरोधी नीतियों का प्रमाण है। बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किये जाने से आमजनता को बिजली बिल के नाम पर आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा भाजपा सरकार द्वारा की जा रही संशोधन ⏭ शेष पेज 10 पर



## दिव्यांग ने तय की 7000 किमी की साइकिल यात्रा

# एक हाथ और एक पैर नहीं, फिर भी देश को पैडल से जोड़ रहा है साहसी युवा सजूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम



साहस के आगे सब कुछ छोटा है। इस बात को सच कर दिखाया है झारखंड के हजारीबाग जिले के ग्राम टाटीझरिया निवासी सजूल टुडु ने। दिव्यांग होने के बावजूद सजूल देश भ्रमण पर निकले हैं। अब तक 7000 किलोमीटर से अधिक की साइकिल यात्रा पूरी कर चुके हैं। अपने मिशन के दौरान वे 5 अगस्त को छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर बीजापुर जिले के भोपालपटनम पहुंचे।बायां हाथ और एक पैर न होने के बावजूद सजूल ने हिम्मत नहीं हारी। उनकी यह यात्रा न केवल भौगोलिक सीमाओं को पार कर रही है बल्कि वह लोगों के दिलों को भी छू रही है। भारत के 11 राज्यों की यात्रा कर चुके सजूल अब वापस झारखंड लौटने की योजना में हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य है कि जो लोग पूर्णतः सक्षम हैं लेकिन जीवन में कुछ करने ⏭ शेष पेज 10 पर

अलग खबर

### दिव्यांगता शरीर में नहीं सोच में है

भोपालपटनम से निकलने के बाद सजूल टुडु छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों की यात्रा कर झारखंड लौटेंगे, जहां वे अपनी इस ऐतिहासिक यात्रा का समापन करेंगे। सजूल जैसे लोग न केवल हमारे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं, बल्कि यह भी सिद्ध करते हैं कि असली दिव्यांगता शरीर में नहीं, सोच और हौसले की कमी में होती है।



बी. आर बालाजी एल. एल. पी जगदलपुर : ब्रांच - दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर,
इस ऑफर का लाभ लेने के लिए अभी कॉल कीजिये : 8448989092,8448989093

# हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में पालक-शिक्षक मेगा बैठक

## शिक्षा में सहयोग और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने पर रहा ज़ोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में पालक–शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन गुरुवार कोबड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छवि पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ की गई। दीप प्रज्वलन का कार्य मुख्य अतिथि दिनकर कोर्राम व विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके उपरांत छात्र–छात्रओं द्वारा पुष्प गुच्छ से सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

अलग खबर



### बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे

कार्यक्रम में उप सरपंच मयूर डोंगर दिनकर कोर्राम, संकुल प्राचार्य मुकेश सैमसन, जनप्रतिनिधि, समस्त विद्यालयीन स्टाफ तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी सफल एवं सार्थक बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित अतिथियों, पालकों और शिक्षकों को चाय व स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया। यह मेगा बैठक न केवल पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद का माध्यम बनी, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने की प्रेरणा भी प्रदान की। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता की मिसाल बनकर उभरा है, जो आने वाले समय में अन्य स्कूलों के लिए भी आदर्श बन सकता है।

बैठक के दौरान संकुल प्राचार्य मुकेश सैमसन ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में पालक–शिक्षक समन्वय के महत्व को रेखांकित करते हुए इस प्रकार की बैठकों की आवश्यकता और प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति केवल विद्यालय या शिक्षक की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पालकों की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान ने भी मेगा बैठक के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पालकों को बच्चों की पढाई में सहायक बनने के लिए कई उपयोगी टिप्स साझा किए। साथ ही शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार पालक इन योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल नन्हे हाथ बना रहे पेड़ों के लिए राखियां



**कोण्डागांव।** जिले के करंजी स्कूल के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा के छात्र–छात्राएं इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण रक्षा का संदेश देंगे। शिक्षक टी. ऐंकट राव के मार्गदर्शन में यह विशेष पहल की जा रही है। बच्चों ने एक विशाल राखी सहित कुल 101 सुंदर और रंग–बिरंगी राखियां खुद अपने हाथों से तैयार की हैं। यह प्रयास न केवल उनकी रचनात्मकता को दर्शाता है, बल्कि पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता को भी उजागर करता है। बच्चे हर साल की तरह इस बार भी स्कूल के नजदीकी साल के जंगल में जाकर वहां के पेड़ों को राखी बांधेंगे। इसके माध्यम से वे ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं। शिक्षक टी. ऐंकट राव के अनुसार, छोटे स्तर के ये विद्यार्थी भाई–बहन के इस पर्व के महत्व को भलीभांति समझते हैं और पेड़ों को राखी बांधकर यह संदेश भी देते हैं कि पेड़ भी हमारे जीवन के रक्षक हैं।

### कोंडागांव से खाद्य पदार्थों के 15 नमूने जांच को भेजे गए



**कोण्डागांव।** बने खाबो, बने रहिबो जागरूकता अभियान के तीसरे दिन, कोंडागांव के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शहर के मिष्ठान भंडार, होटलों और स्ट्रीट फूड वेंडर्स की जाँच की। अभियान के दौरान, स्ट्रीट फूड वेंडर्स को जागरूक करने के लिए हेड कवर वितरित किए गए। साथ ही, होटल संचालकों को अपने परिसर में अखबार के इस्तेमाल को रोकने के लिए डिस्प्ले लगाने को कहा गया। जाँच के दौरान, विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 15 नमूने लिए गए, जिनमें प्रेम स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से बर्फी, पटेल होटल, शामपुर से गुलाब जामुन और बालूशाही, राधे बीकानेर स्वीट्स से मावा और नमकीन मिक्सचर, और अन्ना मिक्सचर से नमकीन मिक्सचर शामिल हैं। इन सभी नमूनों को गुणवत्ता जाँच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। अधिकारियों ने दुकानदारों और आम लोगों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के नियमों के बारे में भी जानकारी दी। उन्हें साफ–सफाई, एक ही तेल को बार–बार इस्तेमाल न करने, और खाद्य सामग्री को सही ढंग से रखने के महत्व के बारे में बताया गया। सभी को इन निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया।

### पावन धाम में रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा कल

**जगदलपुर।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पावन धाम के वृंदावन कॉलोनी स्थित सेवा केंद्र में रक्षाबंधन 9 अगस्त को शाम 6:30 बजे मनेगा । जहां पहुंचे भाइयों को ब्रम्हकुमारी बहनें राखी बांधेगी। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रम्हाकुमारी मंजूषा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी रक्षाबंधन कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथाएं प्रचलित है। जिसमें बहनों की रक्षा भाइयों ने की थी। यह पर्व भाई बहनों के पवित्र रिश्ते को अधिक मजबूत करने का दिन होता है।

## निरीक्षण: पालक शिक्षक सम्मेलन में विद्यार्थियों और अभिभावकों से किया संवाद

# प्रभारी सचिव भीमसिंह ने फरसगांव अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने आज फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल स्टाफ, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकीय उपकरणों की जाँच कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा, वे मेगा पालक–शिक्षक सम्मेलन में भी शामिल हुए, जहाँ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना भी उपस्थित थीं।

प्रभारी सचिव श्री सिंह ने ओपीडी, पीएनसी वार्ड, होम्योपैथी और नेत्र विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाई के स्टॉक रूम का जायजा लेते हुए बीएमओ को निर्देश दिए कि दवाओं का रिकॉर्ड नियमित रूप से रखा जाए और एक्सपायर होने वाली दवाओं पर नजर रखी जाए। उन्होंने सर्पदंश और रेबीज की दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। पीएनसी वार्ड में माताओं से बातचीत कर उन्होंने भोजन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और साफ–सफाई व स्टाफ की उपस्थिति को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को केशकाल चिकित्सालय में ओटी और ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।





प्रभारी सचिव भीम सिंह ने फरसगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय और पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित मेगा पालक–शिक्षक शिविर में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों और उनके माता–पिता से सीधे संवाद किया और उनसे पढ़ाई और छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में कामयाब होने के लिए मेहनत से पढ़ाई करने और एक लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को जिज्ञासु बनने और नियमित रूप से अखबार पढ़ने की सलाह भी दी, ताकि वे समसामयिक घटनाओं से अपडेट रहें। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने भी बच्चों से अपनी हैंडराइटिंग सुधारने और अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों के टेस्ट रिपोर्ट को नियमित रूप से चेक करें। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अश्वन पुसाम सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी के तीन मामले में शामिल दो सगे भाई समेत चार शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र में हाल ही में हुए चोरी के तीन मामलों का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने व हीरे के जेवरात के अलावा दोपिहया वाहनें, लैपटॉप, घड़ी आदि बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 8 लाख रूपए आंका गया है।

एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि प्रार्थिया शीतल कुशवाहा निवासी शांतिनगर वार्ड ने थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 23 जुलाई को वह अपने पति का ईलाज कराने के लिए रायपुर गई थी। इसी दौरान 27 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, डायमंड रिंग, नगदी रकम समेत 1 लाख 90 हजार कीमत की चोरी कर लिया गया है। वहीं एक अन्य प्रार्थी पी नागराजन पिल्लाई के द्वारा उसके गायत्री नगर में स्थित मकान से 26 जुलाई को, प्रार्थी बुकया मालेश पिता पी कोड़िमियाल के द्वारा उसके निवास शांतिनगर से लैपटॉप व इंडियन गैस सिलेंडर को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। चोरी के इन चारों मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



### आरोपी व बरामद सामान

मामले में बोधघाट पुलिस ने आरोपी अभय मसीह उर्फ भेड़ 23 वर्ष निवासी गाँधीनगर वार्ड, अनमोल वासनिक 24 वर्ष निवासी नयामुण्डा मदरटेरेसा वार्ड, सिदार्थ वासनिक 25 वर्ष निवासी नयामुंडा तथा अंकित पीटर 22 वर्ष निवासी मदनमोहन मालवीय वार्ड को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे इनके कब्जे से सोने का बड़ा व छोटा 8 एयररिंग, एक नग सोने का लंबा मंगलसूत्र, एक नग सोने का हार व कान का सेट, एक नग डायमंड अंगूठी, एक नग सोने की अंगूठी, एक नग चांदी की बिछिया, नगद 5 हजार रूपए, सुजुकी एक्सेस स्कूटी, लैपटॉप, गैस सिलेंडर, पल्सर मोटर सायकल बरामद कर जब्त किया गया।

# बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 96वां स्थापना दिवस मनाया

**कोण्डागांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज विद्यालय का 96वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री रेखा ठाकुर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक थीं। अध्यक्षता प्राचार्य एन.के. नायक ने की।



इस अवसर पर राजेश पाण्डेय, जयंत कुमार मजुमदार, श्रीमती देवयानी चौधरी और श्रीमती बेबीमाला गायकवाड़ जैसे अतिथि भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना और केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत स्वागत गीत से किया। अतिथियों ने विद्यालय के 96 वर्ष पुराने इतिहास के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए एक मिनट का खेल और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंच का संचालन श्रीमती शांति कौशल ने किया, जबकि कार्यक्रम की व्यवस्था और तैयारी में एनएसएस स्वयंसेवक और एनसीसी कैडेट्स का विशेष योगदान रहा।

**इनका रहा सहयोग** – आयोजन को सफल बनाने में महेन्द्रनाथ पाण्डे, राधेश्याम मॉझी, हरिशंकर नेताम, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, मो. युसुफ, निर्मल शार्दूल, हिमांशु शर्मा, संजय ढाली, गितेश्वर प्रसाद वर्मा, श्रीमती ममता लकड़ा, नीरू सिंह, मृदुला गायकवाड़ उत्तरा साहू, लीना नाग, बिन्दु साहू, अभिलाष निषाद, लक्ष्मण पोयाम, रविकांत वर्मा, शिवचरण मंडावी, लालजी मंडावी और आकाश चौरे सहित कई लोगों का सहयोग रहा।

# विश्रामपुरी में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का आंकलन शिविर



**कोण्डागांव।** विश्रामपुरी में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए एक आकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 99 बच्चों की स्वास्थ्य जाँच की गई। कलेक्टर और जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चों की मेडिकल बोर्ड ने जाँच की। जाँच के बाद, 40 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए। इसके अलावा, 5 बच्चों को आगे के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के डॉक्टरों ने सर्जरी, स्पीच थेरेपी और फिजियोथेरेपी के लिए बच्चों की पहचान की। दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सामग्री और सहायक उपकरण देने के लिए भी चिन्हित किया गया। इस दौरान बच्चों और उनके माता–पिता के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रतीक चौधरी, डॉ. नकलेश सोरी, संकल्प डॉ. करुणा मेश्राम बघेल, जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल, सहायक परियोजना अधिकारी एस.आर. मरावी और खंड शिक्षा अधिकारी सी.एल. मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'दीक्षारंभ कार्यक्रम' विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा से जोड़ने का भी माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दी जानकारी

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।



प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दीक्षारंभ कार्यक्रम केवल परंपरा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को शिक्षण, अनुशासन और मूल्य आधारित शिक्षा से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने एनईपी 2020 की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल वृद्धि और व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होगी। एनईपी संयोजक डॉ. किरण नुरूटी ने नई शिक्षा नीति के क्रेडिट सिस्टम, मल्टी–डिसिप्लिनरी –ष्टिकोण और डिजिटल अकादमिक बैंक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. पुरोहित सोरी ने आंतरिक मूल्यांकन एवं सेमेस्टर प्रणाली की महत्ता पर जोर दिया। शोभाराम यादव ने वैल्यू एडेड एवं एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्सेस के लाभ बताए, जबकि मास्टर ट्रेनर शशिभूषण कन्नौजे और नसीर अहमद ने जेनेरिक इलेक्टिव्स, स्किल एनहांसमेंट कोर्सेस और डिजिटल लर्निंग की भूमिका स्पष्ट की।

**विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए** – कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और वक्ताओं के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। समन्वयन विनय कुमार देवांगन, रूपा सोरी, डॉ. देवाशीष हालदार, डॉ. अलका शुक्ला एवं नेहा बंजारे द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के प्राध्यापकों ने विषय चयन और मार्गदर्शन में सहयोग दिया।

# जंगलों में नक्सलियों ने मनाया शहीदी सप्ताह, जारी किया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मारे गए शीर्ष नक्सली बसवराज व अन्य साथियों का बनाया स्मारक, बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल
- 28 जुलाई से 3 अगस्त तक नक्सलियों ने बस्तर में मनाया था शहीदी सप्ताह

माओवादियों की ओर से 28 जुलाई से 3 अगस्त तक मनाए गए शहीदी सप्ताह वीडियो जारी किया गया है जिसमें माओवादियों का रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम के वीडियो में बड़ी संख्या में माओवादियों के सीएनएम सदस्य नाचते दिखाई दे रहे है वहीं ग्रामीणों भी रैली में शामिल नजर आ रहे हैं। इसी स्थल पर माओवादियों ने मारे गए शीर्ष नक्सली लीडर बसवराज व अन्य साथियों का स्मारक भी बनाया है। प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में जहां एक ओर सुरक्षाबल लगातार अभियान चलाकर माओवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर बस्तर में माओवादियों ने हाल ही में मनाए गए शहीदी सप्ताह का वीडियो जारी कर बता दिया कि बस्तर में अब भी सैकड़ों की संख्या में शीर्ष व निचले कैडर के नक्सली मौजूद है। यह वीडियो कब का है यह तो नही पता लेकिन हाल ही में मारे गए शीर्ष नक्सली का नाम कार्यक्रम स्थल में मनाए गए नक्सल स्मॉरक में दिखाई पड़ रहा है जो 28 जुलाई से 3 अगस्त के बीच मनाया गया बताया जा रहा है।



### 31 मार्च 2026 के डेडलाइन के बीच मिले वीडियो की हो रही जांच



नक्सलियों के इस वीडियो के सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। लगातार शीर्ष नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने के काफी समय बाद नक्सलियों की ओर से इस तरह का वीडियो जारी किया गया है। इसे देखते हुए यह कहा जा रहा है कि माओवादी एक बार फिर गांवों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लग गए हैं। हालांकि जारी इस वीडियो की जांच की जा रही है तथा सुरक्षाबलों को अलर्ट में भी रखा गया है। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने डेडलाइन जारी कर चुके हैं। बावजूद नक्सलियों की ओर से जारी इस वीडियो के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई है।

### कार्यक्रम स्थल में नक्सल बैनर व पोस्टर भी चस्पा

शहीदी सप्ताह के दौरान बनाने का दावा किए गए इस वीडियो में माओवादी संगठन सीएनएम के सदस्य पारंपरिक ढोल और वेशभूषा में नाचते दिख रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी भी साफ नजर आ रही है। वीडियो में माओवादियों ने अपने मारे गए बड़े नेता बसवराजु और अन्य साथियों के लिए नया स्मारक भी बनाया है। साथ ही एक अन्य वीडियो में नक्सली रैली निकालते भी नजर आ रहे हैं। इसी वीडियो में नक्सली बैनर व पोस्टर भी नजर आ रहा है जिसमें माओवादियों ने सेण्ट्रल कमेटी मेंबर चलपति दादा और गौतम दादा अमर रहे लिखा है। इसके साथ ही अमर शहिदों के बलिदान को ऊंचा उठाकर रखे, शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, ऑपरेशन कगार दमन को हराएंगे लिखा नजर आ रहा है।

## पेज 9 के शेष

### थोड़ी देर की...

है। शहर की इन दोनों स्थान की सड़कों में वर्षो से बारिश के दौरान जलजमाव की स्थिति निर्मित होती है। जिसके उचित समाधान के लिए नगर निगम के पास कोई कारगर उपाय आज पर्यन्त नही है। बहरहाल शहर की अन्य क्षेत्रों और निचली बस्तियों सहित पास कॉलोनियों में भी जलजमाव होने से क्षेत्र के रहवासियों को पानी उतरने तक राहत नही मिलती। यही हाल पुराना नरेंद्र टाकीज के समीप शहर का पास क्षेत्र दादाबाड़ी सड़क पानी से लबालब होने से आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### स्वसहायता समूह...

कर रहे हैं। बाजार में इस राखी की अच्छी मांग है। राखियों को आकर्षक पैकिंग के साथ बेचा जा रहा है। इन राखियों की कीमत बाजार में उपलब्ध अन्य फैंसी राखियों की तुलना में कम है, जो लोगों को लुभा रही हैं। बताया कि राखियों के साथ ही महिलाएं बांस की आकर्षक गहने भी बना रहीं हैं। **बढ़ावा देते हुए उत्साहित करें-** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अधिकारी राजकुमार देवांगन ने बताया कि मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित बेलमेटल, बांस, आर्टीफिशियल निर्मित राखियों का विक्रय जगदलपुर के हृदय स्थल सीरासार भवन जगदलपुर में किया जा रहा है। शहर एवं ग्रामीण जनों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में समूह द्वारा निर्मित राखियों को अधिक से अधिक खरीद कर समूह के निर्मित स्थानीय राखी वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए उत्साहित करें।

### आजादी पर्व पर...

नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा बीते कुछ वर्षों से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर यह कार्यक्रम इस वर्ष भी जनभागीदारी के साथ प्रारंभ हुआ है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को राष्ट्रध्वज, राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम से जोड़ना है। यह आयोजन आजादी के संघर्ष को स्मरण कर हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान एक पखवाड़े तक लगातार चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर जन जागरुकता, रैली, कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे।

**ये हुए शामिल-** इस मौके पर महापौर समेत नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, सुबीर नंदी, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद पितामह नायक, हरीश पारेख, यशवंत ध्रुव, गजेंद्र ठाकुर, दिलीप दास, आशा साहू, पारुल बोथरा, उर्मिला यादव, गिरिजा गुप्ता, श्रीधर ओझा, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सुधीर मंडल, जीपी यादव, दिनेश सराफ, एचवाय कुकड़े, नलिन शुक्ला आदि शामिल हुए।

### बिजली बिल...

से बिजली बिल छूट का लाभ नहीं मिलेगा, जो कि सीधे आम जनता पर अत्याचार है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोत्तरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी।

**ये रहे मौजूद-** पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, बलराम यादव, संतोष सेठिया,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजवीन दास,सुभाष गुलाटी,सुषमा सुता, जावेद खान,रामशंकर राव,अतिरिक्त शुक्ला,विक्रम सिंह डांगी, संतोष यादव,अनवर खान, हेमू उपाध्यय, हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी, शहनाज बेगम,महामंत्री निकेत झा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### एक हाथ और...

से डरते हैं, उन्हें जगाना। चाहता हूं कि मेरे जैसे दिव्यांग भाई-बहनों को यह संदेश मिले कि हौसला हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। सजूल का यह अभियान पूरे देश में एक प्रेरणा बन चुका है। उनका मानना है कि दिव्यांगता शरीर में होती है, सोच में नहीं। उन्होंने कई राज्यों में यात्राएं करते हुए लोगों को सामाजिक सेवा, आत्मबल और सकारात्मक सोच का संदेश दिया है।

### शिव पार्वती...

भारतीय संस्कृति को बचा कर रखा है। छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय से चलकर यहां तक पूजा अर्चना करने आए हैं जो आने वाले समय में देश के नागरिक बनेंगे। ये देश के भविष्य हैं इनकी नीव सरस्वती शिशु मंदिर में मजबूत की जा रही है। शिशु मंदिर भारतीय परंपरा को सारे संसार मे पहुंचते हुए अपनी पूर्ण रूपेण भूमिका निभाएगा। विद्यालय के आचार्य दशरथ मंडावी ने प्रसाद व्यवस्था के लिए पार्षद विनोद साहू का आभार प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### उपाध्यक्ष ने किया ग्राम मुलेर का निरीक्षण



**गीदम।** नेल्लानार ग्रापं अंतर्गत मुलेर गांव का दौरा कर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम ने विभिन्न शासकीय संस्थाओं और योजनाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर वहां बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की व्यवस्था, स्वच्छता और देखरेख की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी सेवाओं में सुधार के लिए सुझाव भी मांगे। इसके पश्चात वे प्राथमिक विद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की संख्या, कक्षा संचालन और शैक्षणिक गुणवत्ता का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से संवाद कर उन्होंने पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मोतियाबिन्द के 40 मरीजों



### का सफल आपरेशन

**बस्तर।** बस्तर कलेक्टर व सीएमएचओ जगदलपुर के मार्गदर्शन में एवं बस्तर बीएमओ डॉ नारायण नाग के नेतृत्व में महारानी अस्पताल में 20 एवं मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 20 मरीजों को सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। 20 मोतियाबिंद मरीजों को महारानी हॉस्पिटल जगदलपुर में ऑपरेशन डॉ. सरिता थामस द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। एवं 20 मोतियाबिंद के मरीजों को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में डॉ अनुषा एवं मेडिकल स्टाफ के द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के पश्चात मरीज को अपनी आंखों की देखभाल करने और चिकित्सकों के निदेर्शों का पालन करने की सलाह दी गई। मेडिकल टीम के द्वारा मरीजों को घर-घर तक पहुंचाकर छोड़ा गया। बस्तर ब्लॉक के नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग एवं योगिता नाग द्वारा ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाया गया।नेत्र विभाग के सभी सहयोगी स्टॉफ नर्स नमिता , स्मिता, अन्नपूर्णा एवं बीपीएम राजेंद्र बघेल,नेत्र सहायक अधिकारी डीजेन्द्र तिवारी, अमृत राव, हनुमंत राव, कविता पाण्डे, दिव्या पाण्डे तथा अन्य स्टाफ डोलेश्वर जोशी, मंगलीबाई द्वारा ऑपरेशन को सफल बनाने में साथ हीसीएचओ

## निधन

### राजीव धीर



**जगदलपुर।** शहर के वृन्दावन कालोनी निवासी राजीव धीर का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को मुक्तिधाम में किया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आम जनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना वापस फिर से शुरू किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव भवन दंतेवाड़ा से लेकर जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष कांग्रेस पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया और आम जनता पर थोपे जा रहे आर्थिक बोझ को लेकर केंद्र व राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। नारे बाजी करते हुए सरकार से तत्काल बिजली बिलों में राहत देने और पूर्व की योजना को पुनः लागू करने की मांग की। जिला कांग्रेस महामंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों से मुकर रही है और महंगाई से जूझ रही आम जनता को बिजली बिल के ज़रिए और अधिक परेशान कर रही है। ₹बिजली बिल हाफ₹ योजना को बंद कर देना गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के खिलाफ सीधा हमला है। प्रदर्शन मैं उपस्थित जिला महामंत्री विमल सलाम, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, मिडिया प्रभारी जिला कांग्रेस मनीष ठाकुर पार्षद एं नागराज, पार्षद राधा नाग, पार्षद संजय विश्वकर्मा, शिवकुमारी ध्रुव, जितेन्द्र कश्यप, उमेश यादव, दिनेश गुप्ता, गायेंद्र सिंह, सचिन पटेल, वाशिम, निखिल तोपों, राजवीर सिंह, नोबेल वसुदेव कार्यकर्ता मौजूद थे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली दरों में कटौती नहीं की गई और पुरानी योजना को बहाल नहीं किया गया, तो पार्टी चरणबद्ध

### हाथकरघा दिवस कार्यक्रम में विधायक हुए शामिल, बुनकरों को दी सौगातें

# बुनकरों के बनाए कपड़े का उपयोग करना चाहिए : विधायक बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड





राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन ग्राम बजावंड में केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिला हथकरघा विभाग द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य बनवासी मौर्य, पूर्व जनपद सदस्य नारायण बघेल, पूर्व सरपंच भगवान भारती,

■ हथकरघा दिवस के बारे में सही जवाब देने वालों को मिला ईनाम

सरपंच भगवती भारती, उपसंचालक अनिल कुमार सोम, निरीक्षक रोहित पात्रे, एवं रमेश कुमार के उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। उपसंचालक एवं निरीक्षक ने विभाग द्वारा चलाया जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। खंड स्वास्थ्य अधिकारी बकावंड के सहयोग से बुनकरों के लिए आंख जांच शिविर एवं चश्मा का वितरण किया गया जिसमें करीब 50 बुनकर लाभान्वित हुए। तद उपरांत प्रभारी बीएस ध्रुव द्वारा एक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के बारे में कुछ प्रश्न किए गए सही उत्तर देने वाले प्रतिभागी को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मां के नाम एक पेड़ लगाया गया।

बुनकर समिति के 10 हितग्राहियों को लूम प्रदान किया गया। साथी बुनकर समिति के तीन मेधावी छात्र-छात्राओं गौरव चंदेल, सुमित मंडल एवं निमिषा झाली को पुरस्कार प्रदान किया गया। हैंडलूम वितरण घनश्याम झाली, रामचंद्र झाली, कुसनो झाली, फूलचंद नेताम, चौवन मरकाम, बैद्यनाथ झाली, गुप्तो मरकाम, शंभू नाथ नेताम, नकुल नाग, लक्षीम झाली को किया गया। संचालन रमेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वतन केसरी के छत्तीसगढ़ हेड मीनाक्षी जोशी उपस्थित रही। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में बुनकरों के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम में कंकालिन प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति मर्यादित बजावंड का विशेष सहयोग रहा।

# 58 वाहनों पर कार्रवाई करते 32500 का समन शुल्क वसूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू द्वारा रोज हो रहे सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने रोज अलग-अलग तरीके से समझाईश दी जा रही है।

बावजूद यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर आज कारली में एमसीपी लगाकर चेकिंग एवं चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें बिना सीट बेल्ट 5, बिना हेलमेट 45, एलईडी लाइट 5, बिना लाइसेंस 1 और तीन सवारी 2 इस प्रकार कुल 58 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही करते 32500 रूपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। साथ ही हमेशा की तरह आज भी वाहनों पर एलईडी लाइट न लगाने, सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने, मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने, अपर-डिपर का उपयोग करने, नाबालिग बच्चों को दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाने न देने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने और स्कूली वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चे नहीं बैठाने आदि के संबंध में समझाईश दिया गया।

यातायात पुलिस ने समस्त नागरिकों से अपील किया है कि आप सभी स्वयं और अपने परिवार व आसपास के लोगों को हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें और स्वयं सुरक्षित रहें व दूसरे को भी सुरक्षित रखें।

# बीटीओए का वार्षिक चुनाव का बिगुल बजते ही बचेली में चुनावी सरगर्मी तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बैलाडिला ट्रक ओनर एसोसिएशन बीटीओए का वार्षिक चुनाव का बिगुल बजते ही बचेली में चुनावी सरगर्मी बढ़ गयी हैं। जुलाई में संस्था के सभी सदस्यों ने बैलाडीला यूनियन सभागार में एकत्रित होकर एकमत से आगामी 13 अगस्त को वार्षिक चुनाव की घोषणा की।

इस एक वर्षीय चुनाव के अधिसूचना के अनुसार 3 अगस्त को प्रत्याशियों को नामांकन पत्र, 4 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल और 5 अगस्त को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन किया गया।

नाम वापसी एवं स्कूटनी का दिन भी 5 तारीख को रखा गया था तथा चुनाव अधिकारी द्वारा संस्था के सभी सदस्यों के सहमति से एक चुनाव संचालन समिति का भी गठन किया गया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भीं, दो प्रमुख पैनल से उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया वही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पंकज बनिक ने सचिव पद के लिए बरगद पेड़ छाप से अपना नामांकन दाखिल किया। इस चुनावी संग्राम में उमेश सिंह गौतम अध्यक्ष पद हेतु सचिव पद के लिए आकाश गोयल, उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल असरानी एवं दीपक बढ़ई, मनीष नायक कोषाध्यक्ष पद के लिए, वैभव गौरंग साहा और अविनाश कर्मकार सह सचिव पद के लिए, हाथी छाप चिन्ह से चुनावी मैदान में उतरे हैं। वही गाय बछड़ा छाप से मनोज सिंह अध्यक्ष पद हेतु सचिव पद के लिए विप्लव मल्लिक, उपाध्यक्ष पद के लिए विजयन्त गौतम साथ ही रोहित साहू, कोषाध्यक्ष पद के लिए गुमवित सिंह, सह सचिव पद के लिए इमरान खान और विश्वजीत सरकार, इन दोनों पैनल के प्रत्याशी आमने सामने हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोदली में मितानिन दीदियों ने स्वास्थ्य मंत्री को बांधी राखी



**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा जिला दंतेवाड़ा के प्रवास के दौरान गीदम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोदली का भ्रमण किया गया था। इस मौके पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोदली में कार्यरत मितानिन दीदियों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और सुरक्षा की कामना व्यक्त की गई। इस आत्मीय क्षण पर मंत्री ने मितानिनों को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदाय के संबंध में प्रोत्साहित करते हुए यह आश्वासन दिया कि उनके मानदेय का भुगतान हर माह की 15 तारीख तक दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# छात्राओं ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध लिया सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



माध्यमिक शाला कुड़कानार में स्कूली छात्राओं के द्वारा अनोखे अंदाज में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जो लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना रहा। ज्ञात हो कि विकासखण्ड बस्तर अन्तर्गत माध्यामिक शाला कुड़कानार की छात्राओं ने रक्षा बंधन के अवसर पर वृक्षों को राखी बांध सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लिया। माध्यमिक शाला कुड़कानार में यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा आम, नींबू, इमली, आवला, नीम, कटहल, तेज पत्ता, जामुन, काफी, बेल, अमरूद के सैकड़ों पौधेरोपण किये गये थे। आज इन बच्चों के कारण ही शाला परिसर में लगे 100 से अधिक पौधें व पेड़ जीवित अवस्था में है। बस्तर के लोग सदैव से ही प्रकृति के पूजक माने जाते रहे हैं। स्कूली छात्राओं के इस कार्य को भी हम इस रूप में देख सकते हैं। प्रधान अध्यापक धीरेंद्र यादव ने जानकारी में बताया कि संस्था परिसर अगर हरा भरा है तो इसका श्रेय भी स्कूली छात्राओं को जाता है जो प्रत्येक पौधों का देखभाल करते हैं। रक्षा सूत्र बांधने के दौरान मुख्य रूप से छात्राओं में तेजल ठाकुर, चंद्रप्रभा कश्यप, भूमिका बघेल, ललिता बघेल, इशिका भंडारी, खुशी नाग, अनीता कश्यप, गंगोत्री बघेल, अनन्या बघेल, दीक्षा ठाकुर, रूचिता ठाकुर, करीना नाग, लेक्षिता पटेल शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव एवम नीरज कुमार कुन्जाम, फूल सिंह यादव, ममता ठाकुर, आभा प्रीति एक्का शिल्पा शार्वा बीएड के छात्राध्यापको में अंजू कश्यप, हर्षिता मांझी, कुशल कुमार पटेल, निकिता बिश्वास, विवेक कश्यप, प्रियंका मिश्रा परमेश्वरी राठिया उपस्थित थे। इस संबंध में विकासखंड खंड स्त्रोत समन्वयक बस्तर अजम्बर कोर्राम ने कहा कि छात्राओं के द्वारा वृक्षों की रक्षा करना पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय और अकल्पनीय पहल है जिसे हम सभी शालाओं में वृक्षों की रक्षा हेतु जागरूक करने के लिए कार्य करेंगे।

# आंवराभाटा क्रासिंग से कमालूर तक रेलवे मार्ग का होगा मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आंवराभाटा रेलवे लेवल क्रॉसिंग केके लाइन-103 से कमालूर तक के रेलवे मार्ग का मरम्मत कार्य 10 अगस्त प्रातः 7 बजे से 11 अगस्त रात्रि 9 बजे तक किया जावेगा। इस संबंध में सभी भारी वाहन बाईपास मार्ग से परिवहन होगें। किरन्दुल, बचेली एवं सुकमा से गीदम की तरफ आने वाली वाहन जेलबाड़ी चौक मार्ग से चितालंका बाईपास चौंक मार्ग होते हुये गीदम की ओर प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गीदम की ओर से आने वाली वाहन चितालंका बाईपास मार्ग से जेलबाड़ी चौंक मार्ग होते हुये बचेली, कुआकोण्डा एवं कटेकल्याण की ओर प्रस्थान करेगी।

दो पहिया एवं हल्के वाहन किरन्दुल, बचेली एवं सुकमा से गीदम की तरफ आने वाली वाहन हिरो शो-रूम आंवराभाटा बाईपास मार्ग से गीदम की ओर प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गीदम की ओर से आने वाली दो पहिया एवं हल्के वाहन टेकनार बाईपास मार्ग होते हुये बचेली, कुआकोण्डा एव कटेकल्याण की ओर प्रस्थान करेगी। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा सहायक मंडल अभियंता पूर्व तट रेलवे किरंदुल को कार्य स्थल पर संकेतक बोर्ड, रेडियम युक्त रिबन लगाने, कार्य स्थल पर बेरिकेट लगाये जाने, परिवर्तित मार्ग के प्रारंभ में चितालंका बाईपास, जेलबाड़ी बाईपास, आवराभाटा बाईपास एवं टेकनार बाईपास के पास बेरिकेट लगाये जाने के साथ-साथ दो कर्मचारी की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए गए है।

# मनाया गया हर घर तिरंगा

**दंतेवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जाना है। जो हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, एवं स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग, थीम पर आधारित है। जिसके अंतर्गत आज शहीद चौक स्मारक, भारत माता चौक, चौक-चौराहों की साफ-सफाई एवं मुख्य मार्ग की सफाई नगर अध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, निकाय के अधिकारी, कर्मचारी एवं समस्त सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदीयां की उपस्थिति में की गई।

---

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा छ.ग.**

**-:: नाम परिवर्तन ::-**

मैं पुंगार तामो पति स्व. जीला तामो उम्र 40 वर्ष निवासी तारलापाल पटेलपारा, तहसील बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. की निम्नलिखित कथन करती हूँ कि:-

1. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक **6702 9544 8032** में मेरी पुत्री का नाम ज जिलो टर्मा पिता जिला राम टर्मा (**JILO TARMA D/O JILA RAM TARMA**) अंकित है, जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक व सहीं नाम सिलो तामो पिता जीला तामो (**SILO TAAMO D/O JEELA TAAMO**) अंकित है, जो कि सत्य एवं सहीं है जो कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरी पुत्री के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम ज़िलो टर्मा पिता जिला राम टर्मा (**JILO TARMA D/O JILA RAM TARMA**) के स्थान पर वास्तविक एवं सहीं नाम सिलो तामो पिता जीला तामो (**SILO TAAMO D/O JEELA TAAMO**) अंकित किया जावें।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में नाम सुधार करने में प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ता**

**– सत्यापन –**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक यह सत्यापित करती हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 04 की कथन मेरे स्वतः के ज्ञान एवं विवेक विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है आज दिनांक 06/08/2025 स्थान दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर हस्तारक्षरित किया है।

**सत्यापनकर्ता**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202508161800002/ अ-2/2024-25

ग्राम- गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील-गीदम

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमति हर्षा सूद पति श्री आयुष सूद निवासी गीदम, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8085594952 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-गीदम, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 689 रकबा 0.0200 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 19/08/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गीदम**









## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री का किया आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पार्षद नरसिंग राव समेत अन्य मौजूद थे।

### पैलेस रोड के व्यापारियों से मिले महापौर और पार्षद



**जगदलपुर।** महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता अभियान का संचालन जोश और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस अभियान में नगर निगम के अधिकारीगण ,पार्षदगण, नागरिक, स्वच्छता एंबेसडर, व्यापारीगण एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। बुधवार को महापौर के नेतृत्व में पैलेस रोड से जनजागरूकता रैली निकाली गई। सभी सहभागीगण हाथों में पाम्पलेट व माईक लिए दुकानों में जाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे थे। उन्होंने दुकानदारों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने और कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने की गुजारिश की। इस दौरान महापौर समेत नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, योगेंद्र पांडे, संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर पार्षदगण खगेंद्र ठाकुर, पूनम सिन्हा, पारुल बोथरा, रोशन सिसोदिया, उमा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### नेटबॉल में स्कूली खिलाड़ियों ने दिखाया जोहर



**जगदलपुर।** कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला क्रमांक-2 में जिला स्तरीय शालेय खेलकूद चयन प्रतियोगिता में 14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। चयन समिति में वरिष्ठ व्यायाम प्रशिक्षकों की सहभागिता रही, जिनमें संजय मूर्ति, प्रदीप राव, डी कोटेश्वर राव नायडू, प्रेमलाल जानी, नवीन, ठाकुर, सुश्री मोनिका नवतानी, सुश्री लेखनी धीवर एवं सुश्रीबमुकेश्वरी टेकाम शामिल रहे। आयोजन में अनुशासन,खेल भावना और उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर वरिष्ठ संयोजक संजय मूर्ति ने खिलाड़ियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी। वरिष्ठ व्यायाम अनुदेशक प्रदीप राव ने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

# पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत खर्च पीडब्ल्यूडी करेगा वहन : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धरमपुरा इलाके में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य के चलते आसपास के कई मकानों की नल कनेक्शन लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। समस्या की जानकारी महापौर संजय पाण्डे को प्राप्त हुई, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

मौके से ही महापौर ने पीडब्ल्यूडी और पीएचई के अधिकारियों को तलब किया और निर्देशित किया कि जलापूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

## धरमपुरा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान जलापूर्ति बाधित



### जनता को असुविधा न हो

महापौर ने कहा कि नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग भी रोका जा सके। उन्होंने कहा कि बगैर समन्वय के कार्य करने से आम नागरिकों को समस्या होती है और सरकारी खर्च भी अनावश्यक रूप से बढ़ता है।इस गंभीर विषय पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा से भी चर्चा की और नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे पीडब्ल्यूडी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

उन्होंने ठेकेदार से चर्चा कर स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ड्रेन व पाइप डक्ट लाइन सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं उत्पन्न न हों।

महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उसका मरम्मत खर्च पीडब्ल्यूडी विभाग वहन करेगा। उन्होंने इस दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध ढंग से कार्य निष्पादन पर बल दिया।

महापौर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि इस प्रकार की कोई समस्या सामने आए तो तुरंत नगर निगम कार्यालय को सूचित करें, ताकि तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रभारी मंत्री ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# दो से अधिक बार शराब की तस्करी में संलग्न पाए जाने पर सम्पत्ति होगी जब्त : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने जिले में की जा रही नवाचार एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में ली।

उन्होंने कहा कि दो से अधिक बार शराब या नशा के अन्य स्त्रोत की तस्करी में संलग्न पाए जाने पर संबंधित की सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही करें। नशा संबंधी मामलों के लिए पुलिस विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ दवा के व्यापारियों की बैठक करें । सुपर हॉस्पिटल में ओपीडी संचालन को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य के प्रमुख मार्गों के किनारे के ग्राम पंचायतों में काम्प्लेक्स निर्माण के तहत अच्छी दुकानें, परिसर बनाए ताकि पंचायत को राजस्व की प्राप्ति हो सके।अविवादित बंटवारा के प्रकरणों से पंचायत के प्रस्ताव पर राजस्व के रिकार्ड में दर्ज करने के लिए पंचायत सचिवों को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दी जाए और जागरूकता अभियान के लिए होर्डिंग लगवायें, मुनादी भी करवायें। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के किसानों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उत्पाद को मार्केट तक पहुँचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें ।

ग्रामीण अंतर्गत आत्म समर्पित एवं नक्सल पीड़ति हितग्रहियों के प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत आवासों की स्थिति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, मनरेगा के कार्यों, इसके अलावा मनरेगा आंगनबाड़ी भवन और पीडीएस भवन निर्माण कार्य की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आगामी तीन माह में किए जाने वाले बड़े कार्य हेतु लक्ष्य तथा कार्ययोजना की समीक्षा किए।

इस अवसर पर विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय, सचिव पंचायत भीम सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।




### खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा निलंबित

बैठक में गृह विभाग से जुआ, सटटा, अवैध शराब के प्रकरणों की स्थिति, गोधन के अवैध परिवहन की स्थिति, ट्रैफिक और कानून व्यवस्था, यातायात जागरूकता कार्यक्रम की गतिविधि, हिट एंड रन के मामले, मोटरयान अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण धाराओं में की गई कार्यवाही, खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही, गुम इंसानों के प्रकरण की, राजस्व प्रकरण वापसी की, एनडीपीएस के मामले की जानकारी की समीक्षा किए।

# 60 लाख सदस्य जोड़ने पर हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने 60 लाख नए सदस्य जोड़ने पर उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया जिन्होंने 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाएं।

- सांसद एवं विधायक को मिला सदस्यता श्री सम्मान

सांसद महेश कश्यप ने एवं विधायक विनायक गोयल 4 हजार से ज्यादा सदस्य बनाये जिन्हे सदस्यता श्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

भाजपा ने पूरे देश में 2 सितम्बर से सदस्यता अभियान ऑनलाइन प्रारंभ किया था। इस नवीन सदस्यता अभियान के तहत जगदलपुर में भी सदस्य बनाने हेतु कार्यकतार्ओं ने जी तोड़ मेहनत की, हर वर्ग से संपर्क किया भाजपा के रीति-नीति से जोड़ा और उन्हें विधिवत ऑनलाइन सदस्यता दिलवाई ।

बस्तर जिले में महापौर संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, भारत कश्यप, बसंत कश्यप ने 1000 से अधिक सदस्य बनाये उन्हें सदस्यता दीप से सम्मानित किया । जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश एवं भाजपा नेताओं ने भी सभी को शुभकामनाएं दी ।

महापौर संजय पांडे ने कहा प्रदेश अध्यक्ष एवं बस्तर जिले की सदस्यता प्रभारी वन मंत्री केदार कश्यप, शरद अवस्थी एवं सुभाऊ राम कश्यप व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी का सहयोग व आशीर्वाद से दीप सम्मान से सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि सदस्यता सिर्फ सदस्य बनने के लिए ही नहीं बल्कि राष्ट्र को सशक्त बनाने समाज में समरसता लाने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्र 2047 के संकल्प को पूरा करना है।

# मारपीट, गाली गलौज और दुर्व्यवहार करने वालों पर सख्त कार्यवाही हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने आईजी को दिया गया ज्ञापन

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चंद ने पदाधिकारी के साथ आईजी से मुलाकात की। दुर्ग मे बजरंग दल की नेत्री ज्योति शर्मा पर नारायणपुर जिला की आदिवासी बच्चियों एवं युवक के साथ मारपीट, गाली गलौज, दुर्व्यवहार करने एवं ननो के विरुद्ध मानव तस्करी, धर्मांतरण के झूठे आरोप लगा कर एफआईआर दर्ज करने अनुचित दबाव बनाने जैसे विषय पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा है कि 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन में दो नन, एक आदिवासी युवक तीन आदिवासी युवतियों के मामले में जो घटनाक्रम सामने है अत्यंत आश्चर्यजनक और दुखद है ।



उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रभावित तीनों युवतियों द्वारा नारायणपुर पुलिस अधीक्षक कार्यलय पहुंच बजरंग दल की नेत्री ज्योति शर्मा के विरुद्ध आवेदन देकर बताया गया कि तीनों आदिवासी बच्चियां भयभीत है।

नारायणपुर जिले के संबंधित थाने में आदिवासी युवतियों के आवेदन पर एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश देने दुर्ग की नेत्री की गिरफ्तारी एवं संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच हेतु संभाग स्तरीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जांच टीम बनाने की मांग आईजी से की गई है। इस दौरान सुरेश नाग, के आकाश जॉन, प्रिया यादव, गायत्री ठाकुर, मेहताब सिंह, हिमांशु आनंद, कमल बघेल,गौतम दास,भूमि दास,पल्लव हवलदार अमजीत खजूर सुमित कश्यप विवेक जायसवाल बिल्टू हालदार, सफीक खान, अरमान खान, शंभू नाथ, राजेश गुप्ता, अरविंद सिंह, पूर्णिमा मंडल, बिलाल खान आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 13 साल पहले आज के दिन शहीद हुए जवानों को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोबरा कैम्पस करनपुर स्थित शहीद स्मारक में आज देवेन्द्र सिंह कास्वा द्वितीय कमान अधिकारी 204 कोबरा वाहिनी करनपुर द्वारा आज ही के दिन 2012 में अपने प्राणों की शहादत देने वाले शहीद जवान मुकुलचन्द्र वर्मन पश्चिम बंगाल एवं कृष्णपाल सिंह उत्तर प्रदेश को भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की गई। जिसमें 204 कोबरा के समस्त अधिकारियों एवं जवानों सहित ज्ञानोदय स्कूल करनपुर एवं शासकीय प्राथमिक शाला माड़पाल के बच्चों ने भी शहीद जवानों को पुष्प अर्पित किये एवं 1 मिनट का मौन रखते हुए शहीद जवानों को श्रध्दांजलि अर्पित किया। इनको याद करते हुए 204 कोबरा के प्रतिनिधि के रुप में 2 कार्मिक शहीदों के घर जाकर सम्मान सहित उनके परिवारजनों को भेंट स्वरुप मोमेन्टो प्रदान किए गए।



- परिजन के घर जाकर भेंट किया गया मोमेंटो

## मेरे भैय्या...पहले देश...



जगदलपुर। पुलिस और फौज में नौकरी कर रही युवतियों और महिलाओं को यह पता है कि रक्षाबंधन के दिन वह प्रत्यक्ष रूप में भाई की कलाई पर राखी नहीं बांध पाएंगी। देश सेवा की ड्यूटी से उसे छुट्टी नही मिलेगी । राखी पर्व के दो दिन पहले आज शाम शहर के कुम्हारपारा मार्ग पर वर्दी में कुछ बहनें दुकान पहुंचकर राखी खरीद रही थी। सीआरपीएफ पोस्ट सेंड़वा की यह महिला जवान परेड से वापस पोस्ट जा रही थी। शाम का समय था और हल्की बारिश हो रही थी। बस में सवार होकर सभी महिला जवान लौट रही थी। इस बीच राखी के दुकान ने उन्हें भाईयों के लिए राखी भेजने का याद दिलाया। परमिशन लेकर वे दुकान पहुंची और भाईयों की कलाई के लिए राखी खरीदी। उनके मन में पहले देश और बाद में परिवार यह भावना पुलिस और फोर्स में आने से पहले भर दी गई है। उनके चेहरे पर जोश और उत्साह छलक रहा था। दुकानदार ने भी वर्दी में पहुंची सीआरपीएफ बहनों को उनकी पसंद का राखी दिखाने में देर नहीं की ।

छाया : सुरेश रावल

# छात्राओं ने संगीत, नृत्य व कलात्मक से किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में चल रहे इंडक्शन कार्यक्रम का अंतिम दिन उल्लासपूर्ण और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर रहा। समापन दिवस पर आयोजित एक रंगारंग सांस्कृतिक सत्र में छात्राओं ने संगीत, नृत्य और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने नवप्रवेशित छात्राओं को न केवल मंच पर आने का अवसर दिया, बल्कि आपसी संवाद, सहयोग और एकता को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्षों ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए तैयार रहने और पूरे जोश के साथ अध्ययन में जुटने की प्रेरणा दी।

- सत्र के लिए तैयार रहने व जोश के साथ अध्ययन में जुटने की दी प्रेरणा
- कन्या पॉलीटेक्निक के इंडक्शन कार्यक्रम का समापन



कॉलेज के प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने अपने प्रेरणास्पद भाषण में बताया कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को आगे भी कॉलेज के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया और साथ ही पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बढ़ने की बात कही। आयोजन का संचालन, कार्यक्रम समन्वयक हेमचन्द्र देवांगन द्वारा किया गया, जिन्होंने संपूर्ण आयोजन को कुशलतापूर्वक सम्हाला। वहीं मंच संचालन व्याख्याता एंजलिन मैथ्यू ने किया, जिससे पूरा कार्यक्रम सरस और प्रभावशाली बना रहा।

### ऑलराउंडर बनी संगीता

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने अनुभव, विचार और सुझाव साझा किए, जिससे पूरे आयोजन में एक भावनात्मक और आत्मीय माहौल बना। कार्यक्रम में बेस्ट इंडक्टी अवार्ड सानिया नाज को दिया गया, वहीं ऑल राउंडर अवार्ड संगीता मौर्य ने हासिल किया।

# आस्था निकुंज में फल बांटकर लगाए गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आस्था निकुंज में बुजुर्ग माताओं के साथ केक काटकर एवं फल वितरण और फलदार पौधों का पौधरोपण किया गया। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष रोजविन दास ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य एंव दीघार्यु के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रामशंकर राव, हनुमान दुबे, अंगद त्रिपाठी ,मोइन अख्तर,नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के महामंत्री जितेंद्र अहलूवालिया, पार्षद सूयार्पानी, जोस्टीन भवानी ,पूर्व पार्षद ललिता राव, बलराम यादव ,कमलेश पाठक,सुषमा सुता, महिला कांग्रेस शहनाज बेगम ,अंजना नाग सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे ।

स्वामी जी-93436-38894
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुक्मणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी साई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक: 18.08.2025
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

जमीन बेचना है
2 एकड़ 29 डिसमिल (पट्टेवाला)
10 हजार स्क्वायर फीट बिल्डींग (सर्वसुविधा युक्त)
कलेक्टोरेट के पास चितालंका-गीदम-जगदलपुर हाईवे दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)
विक्रेता- जगदंबा शिक्षण प्रसारक मंडल
संपर्क- प्रशासनिक अधिकारी
मो. 9637230735, 7694957268
कॉलेज हेतु चपरासी (कुक) पूर्ण समय के लिए आवश्यकता है। रहने-खाने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

online Booking-www.tripuryatra.com
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411